मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-25
08/01/2023

# पूर्व राज्यपाल केसरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 08 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व राज्यपाल केसरी नाथ त्रिपाठी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि वे एक लोकप्रिय राजनेता तथा कुशल प्रशासक थे। उन्होंने हमेशा संसदीय लोकतंत्र की मजबूती की बात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 27 नवम्बर 2014 से 15 अगस्त 2015 एवं 20 जून 2017 से 29 सितम्बर 2017 तक बिहार के राज्यपाल के अतिरिक्त प्रभार के रूप में स्व0 केसरी नाथ त्रिपाठी ने अपना योगदान दिया था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों एवं प्रशंसकों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******